प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 20.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सिल्ली पॉलिटेक्निक में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल, कहा – एआई और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक शिक्षा अहम।
2. गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने महाराष्ट्र एक्सपोजर विजिट के दौरान कहा कि सहकारी मॉडल समाज में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाने की रखते हैं बड़ी क्षमता
3. देवघर में 37 करोड़ रुपये की लागत से बने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के बंद पड़े रहने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र, की सीबीआई जांच की मांग।
4. टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अधिशाषी अभियंता सिद्धांत कुमार ने पीएमएलए की विशेष अदालत में किया आत्मसमर्पण, अदालत ने दी सशर्त जमानत।

और

5. 15 वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी चैंपियनशिप 2026 के मद्देनजर रांची जिला सीनियर तैराकी टीम के लिए ट्रायल 23 मई को।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पांच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में आज रोम में इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला के साथ प्रतिनिधिमंडल–स्तर की वार्ता की। इस बातचीत का उददेश्य प्रमुख क्षेत्रों में दोनों देशों के संबंधों को और मज़बूत करना है। बैठक में व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा और रणनीतिक साझेदारियों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष ज़ोर दिया गया। दोनों नेताओं ने आपसी हित से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सिल्ली पॉलिटेक्निक में आयोजित "नेशनल हैंड्स–ऑन वर्कशॉप ऑन इंडस्ट्री ओरिएंटेड ऑटोमेशन एंड आईओटी सिस्टम्स" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑटोमेशन, आईओटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी आधुनिक तकनीकें उद्योग, शिक्षा और दैनिक जीवन में व्यापक बदलाव ला रही हैं। राज्यपाल ने युवाओं को तकनीक आधारित कौशल से जोड़ने और व्यवहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

**********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने झारखंड विधानसभा की महिला एवं बाल विकास समिति के महाराष्ट्र एक्सपोजर विजिट के दौरान मुंबई स्थित लिज्जत पापड़ इंटरनेशनल एम्पावरमेंट सेंटर का दौरा कर उसे महिला सशक्तिकरण और आर्थिक स्वावलंबन का प्रेरक उदाहरण बताया। कल्पना सोरेन ने जोर दिया कि इस तरह के सहकारी मॉडल समाज में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन लाने की बड़ी क्षमता रखते हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए महिलाओं को कुटीर उद्योग, हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, घास उद्योग जैसे लघु उद्यमों से जोड़ना जरूरी है।

**********************

देवघर में 37 करोड़ रुपये की लागत से बने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के बंद पड़े रहने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम की लापरवाही और राज्य सरकार की उदासीनता के कारण शहर में जगह–जगह कचरे का अंबार लगा है, जबकि प्लांट वर्षों से बंद पड़ा है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और जनता के पैसे का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की है।

**********************

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि पश्चिम एशिया के बिगड़ते भू–राजनीतिक हालात को लेकर भारत को सतर्क रहने की जरूरत है, हालांकि फिलहाल स्थिति चिंताजनक नहीं है। रांची दौरे पर पहुंचे मंत्री ने कहा कि नागरिक उड्डयन समेत सभी क्षेत्र संभावित प्रभावों का आकलन कर अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार कर रहे हैं।

**********************

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आगामी नीट–यूजी पुनर्परीक्षा के सुरक्षित, निष्पक्ष और सुचारू संचालन के लिए कड़ी निगरानी और पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री प्रधान ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को शिक्षा मंत्रालय, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करना चाहिए ताकि गलत सूचनाओं पर तेजी से अंकुश लगाया जा सके और परीक्षा प्रणाली की अखंडता की रक्षा की जा सके।

**********************

ग्रामीण विकास विभाग में टेंडर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय की जांच के दायरे में आए अधिशाषी अभियंता सिद्धांत कुमार ने आज रांची सिविल कोर्ट स्थित पीएमएलए की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के बाद अदालत ने उन्हें राहत देते हुए सशर्त जमानत प्रदान कर दी। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय का आरोप है कि ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत टेंडर प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं।

**********************

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर आज राज्य के कई जिलों में विरोध प्रदर्शन और हड़ताल का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकांश दवा दुकानें बंद रहीं और केमिस्ट समुदाय ने ऑनलाइन दवा बिक्री, नकली दवाओं तथा नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के खिलाफ एसोसिएशन की ओर से केंद्र सरकार को एक ज्ञापन सौंपकर ऑनलाईन दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।

**********************

जमशेदपुर में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उलीडीह ओपी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध युवक को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ललित मीणा के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से भी आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में मामले दर्ज है।

**********************

जामताड़ा के दुलाडीह स्थित नगर भवन में आज जिला स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी लव कुमार ने सरकारी स्तर पर उपलब्ध खरीफ फसलों के बीज, उर्वरकों का सही मात्रा में प्रयोग सिंचित और असिंचित भूमि पर बेहतर कृषि कार्य कर बेहतर उत्पादन प्राप्त करने संबंधी जानकारी दी।

**********************

आकाशवाणी डाल्टनगंज नियंत्रण कक्ष के तकनीशियन श्री मनोज कुमार का कल उनके पैतृक स्थान पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनके आकस्मिक मृत्यु से आकाशवाणी रांची और डाल्टनगंज के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की।

**********************

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में देवघर, धनबाद, दुमका, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना जतायी है। साथ ही कुछ स्थानों पर तेज हवा चलने की भी संभावना व्यक्त की है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

**********************

रांची जिला सीनियर तैराकी टीम के गठन के लिए जिला तैराकी संघ द्वारा 23 मई को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक वीर बुधु भगत एक्वेटिक स्टेडियम, होटवार के तरणताल में चयन परीक्षण आयोजित किया जाएगा। यह चयन एक जून 2026 को जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जमशेदपुर में होने वाली 15वीं झारखंड राज्य सीनियर तैराकी चैंपियनशिप 2026 को देखते हुए किया जा रहा है, जिसमें रांची की बालक, बालिका, पुरुष एवं महिला टीमें भाग लेंगी।

*********समाप्त*********